शनिवार
11 फरवरी, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज

कुल्हड़िया टोल प्लाजा के पास सड़क हादसे में पति-पत्नी और बेटी की मौत 2

खबरें फटाफट

नाना का सरनेम भला कौन लगाता है?

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने राज्यसभा में गुरुवार को नेहरू-गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए सवाल पूछा था कि कोई नेहरू सरनेम क्यों नहीं लगाता। पीएम के इस सवाल पर कांग्रेस की ओर से अब जवाब दिया गया है। कांग्रेस सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को पीएम मोदी पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें भारत की संस्कृति की जानकारी नहीं है। रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि भारत की संस्कृति को न जानने वाला एक नासमझ इंसान ही, इतने जिम्मेदार पद पर बैठकर ऐसी बात कह सकता है जो प्रधानमंत्री ने कही है। इस देश के किसी भी व्यक्ति से पूछिए अपने नाना का सरनेम इस देश में कौन लगाता है? अब अगर उन्हें देश की संस्कृति की जानकारी नहीं है तो इस देश को भगवान ही बचा सकता है।

गुरुद्वारा में आपस में भिड़े कांग्रेस कार्यकर्ता

पटना। भारत जोड़ो यात्रा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में बिहार के मगध, मिथिलांचल, वैशाली होते हुए शुक्रवार को पटना साहिब पहुंची। इस पदयात्रा में धनुकी मोड़ से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पटना साहिब तख्त हरमंदिर साहिब पहुंचे। इस दौरान दो कार्यकर्ता आपस में मारपीट करने लगे। इस दौरान खूब लात घूंसे चले। इसके बाद गुरुद्वारा में भगदड़ मच गई। वहीं, यह सब देख कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह गुरद्वारा से बाहर निकल गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का किया उद्घाटन

यूपी में सुशासन, राजनीतिक स्थिरता, गुड गवर्नेंस होने से लोगों में विश्वास बढ़ा : मोदी

एजेंसी/लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को लखनऊ में आयोजित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यूपी में निवेश के लिए माहौल बन रहा है। यूपी सरकार की ओर से निवेश का माहौल बनाए जाने को लेकर उन्होंने योगी सरकार की पीठ थपथपाई। कहा कि अगर भारत दुनिया के लिए ब्राइट स्पॉट है तो देश में यूपी ड्राइविंग सीट पर है। कुछ कुछ लोग कहते थे कि यूपी का विकास नहीं हो सकता है। यह पिछड़ा राज्य है। बीमारू है। यहां विकास हो नहीं सकता है। लेकिन, पिछले 6-7 वर्षों में स्थिति बदली है। बेहतर कानून व्यवस्था, शांति, सुशासन और स्थिरता के लिए इस प्रदेश को जाना जाने लगा है। यहां पर वेल्थ क्रिएटर्स के लिए हर रोज नए अवसर बन रहे हैं। पिछले कुछ सालों में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष पहल हो रही है। उसके परिणाम सामने आने लगे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर सबसे अधिक खर्च कर रहे हैं। पिछले वर्षों में लगातार बढ़ोत्तरी हुई है। भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। भारत में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर में नए मौके बनते दिख रहे हैं। यूपी की पहचान अब इस स्थिति में बदल गई है। श्री अन्न की चर्चा करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि यह ग्लोबल न्यूट्रीशन सिक्योरिटी को एड्रेस करेगा। हम इसके लिए किसानों को मोटिवेट कर रहे हैं। साथ ही, ग्लोबल मार्केट का विकास कर रहे हैं। श्री अन्न के क्षेत्र में रेडी टू ईट और रेडी टू कुक की दिशा में काम किया जा सकता है। पीएम मोदी ने कहा कि ग्रीन कॉरिडोर के जिस रास्ते पर भारत चल रहा है, उसमें मैं आप सभी इन्वेस्टर्स को विशेष रूप से आमंत्रित करता हूं। इस वर्ष के बजट में 35,000 करोड़ रुपए हम एनर्जी ट्रांजिशन के लिए रखे हैं। यह दिखाता है कि हमारा इरादा क्या है। मिशन क्लीन हाइड्रोजन हमारे इस इरादे को बुलंद करता है। इस बजट में इससे जुड़ा पूरा इकोसिस्टम विकसित करने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ट्रांसफॉरमेशन के लिए एक नई सप्लाई और वैल्यू चैन विकसित कर रहे हैं।

- अगर भारत दुनिया के लिए ब्राइट स्पॉट है तो देश में यूपी ड्राइविंग सीट पर है
- पिछले कुछ सालों में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष पहल हो रही है। उसके परिणाम सामने आने लगे हैं

यूपी आज नया चैंपियन बनकर उभर रहा है

प्रधानमंत्री ने कहा कि नई वैल्यू और सप्लाई चैन विकसित करने के लिए यूपी आज एक नया चैंपियन बनकर उभर रहा है। परंपरा और आधुनिकता से जुड़े उद्योगों का यह बड़ा केंद्र रहा है। एक बहुत ही सशक्त नेटवर्क आज यूपी में बन गया है। यहां पर भदोही के कालीन और बनारसी सिल्क की अपनी महत्ता है। भदोही कारपेट क्लस्टर और काशी का सील क्लस्टर के कारण यूपी टैक्सटाइल हब है। पीएम मोदी ने कहा कि मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में 60 फीसदी से ज्यादा केवल उत्तर प्रदेश में होता है। मोबाइल कांपोनेंट की सबसे अधिक मैन्युफैक्चरिंग यूपी में होती है। देश के दो डिफेंस कॉरिडोर में से एक यूपी में है। इस पर तेजी से काम चल रहा है।

पीएम पर भरोसा से ही बदला माहौल : राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस मौके पर कहा कि पिछले वर्षों में उत्तर प्रदेश में निवेशकों का विश्वास बढ़ता है। लखनऊ मेरी कर्मस्थली है। कहा कि यूपी में बहुत बदलाव आया है। पुराने गैरजरूरी कानूनों को हटाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भारत को उम्मीदों की नजर से देखती है। यूपी में निवेश के माहौल में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। छद्म समाजवाद ने भारत के औद्योगीकरण को नुकसान पहुंचाया है। आज देश को प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा होने के कारण ही नए भारत का नया उत्तर प्रदेश आकार ले रहा है। कहा कि अब यूपी मतलब शिक्षा हब, यूपी मतलब इंवेस्टमेंट हब और यूपी मतलब निवेश फ्रेंडली माहौल वाला प्रदेश है। यूपी में कानून व्यवस्था इतनी खराब थी कि निवेशक आते नहीं थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब देश में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में उद्योगों को लेकर निवेशकों में उत्साह और सकारात्मकता है।

निवेश के लिए यूपी का माहौल अनुकूल : शाह

गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, निवेश लाने के लिए सरकार में पांच योग्यताएं जरूरी हैं। उत्तर प्रदेश की सरकार में सारी योग्यताएं हैं। निवेश के लिए यूपी का माहौल अनुकूल है और सरकार में विजन है। कहा, ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट सफल हो चुका है। इसके लिए कानून, इंफ्रास्ट्रक्चर और पॉलिसी जरूरी है। यूपी में कानून व्यवस्था में सुधार हुआ है और इंफ्रास्ट्रक्चर सुधर रहा है। कहा कि देश में उत्तर प्रदेश का महत्व एक नंबर पर है। इतने बड़े सूबे के विकास के बिना देश आगे नहीं बढ़ सकता है। लोग कहते थे यूपी का विकास होना मुश्किल है, लोग कहते थे यहां कानून व्यवस्था सुधरना नामुमकिन है। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री जेपीएस राठौर, राकेश सचान, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जितिन प्रसाद मंत्री सूर्यप्रताप शाही, दयाशंकर सिंह, संदीप सिंह, जेपी एस राठौर समेत कई मंत्री मौजूद रहे।

33 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिला : योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था एक मिसाल बनी है। यूपी का इंफ्रास्ट्रक्चर विश्वस्तरीय बन रहा है। यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की शुरूआत से पहले ही यूपी ने 18645 एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। राज्य को करीब 33 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं, जिससे 92 लाख से अधिक स्थायी नौकरियां और रोजगार सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि पूर्वी यूपी में 9 लाख 55 हजार करोड़ और बुंदेलखंड में 4 लाख 28 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं।

हर हिंदुस्तानी की थाल में बिहार का एक व्यंजन हो: सीएम नीतीश

समाधान यात्रा के क्रम में पूर्णिया में जताई इच्छा

केटी न्यूज/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को समाधान यात्रा के क्रम में पूर्णिया जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने पूर्णिया जिले के कस्बा प्रखंड अंतर्गत सब्दलपुर पंचायत के ढोलबज्जा टोले का भ्रमण कर सात निश्चय योजना एवं अन्य विकास योजनाओं के तहत किये गए विकास कार्यों का जायजा लिया। भ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके यथाशीघ्र समाधान हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने पूर्णिया समाहरणालय प्रांगण में कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, जीविका और समाज कल्याण विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी ये इच्छा रही है कि हर हिंदुस्तानी की थाल में बिहार का एक व्यंजन हो। उसको आगे बढ़ाने की दिशा में यहां काम हो रहा है, इससे मुझे प्रसन्नता हो रही है। आप सभी जो भी उत्पाद तैयार कर रहे हैं और उसे बाहर सप्लाई कर रहे हैं उस पर पूर्णिया के साथ-साथ बिहार भी अवश्य अंकित कराएं ताकि लोगों को पता चल सके कि यह उत्पाद बिहार के पूर्णिया जिले में तैयार किया गया है।

मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से कारा विभाग अन्तर्गत केंद्रीय कारा, पूर्णिया में 30 क्षमता वाले महिला कक्षपाल बैरक भवन का शिलान्यास किया। साथ ही अल्पसख्यक कल्याण विभाग अन्तर्गत डगरुआ प्रखंड में सद्भावना मंडप भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। पूर्णिया जिला मुख्यालय में सहकारिता विभाग अन्तर्गत सहकार भवन के निर्माण कार्य का भी उन्होंने शिलान्यास किया । कृषि विभाग अन्तर्गत मुख्यमंत्री ने कृषि उत्पादन बाजार प्रांगण, गुलाबबाग, पूर्णिया के आधुनिकीकरण कार्य का शिलान्यास किया, जिसकी लागत 1159.10 लाख रुपए होगी। सामान्य प्रशासन विभाग अन्तर्गत पूर्णिया में प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के लिये भवन निर्माण के कार्य का भी उन्होंने शिलान्यास किया। पूर्णिया जिले में डिस्ट्रिक्ट इमरजेंसी रिस्पांस फैसिलिटी कम ट्रेनिंग सेंटर बिल्डिंग के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत पूर्णिया जिला मुख्यालय में 100 शय्या वाले वृद्धाश्रम भवन का उद्घाटन किया।

किसानों को 2000 यूनिट तक की बिजली मुफ्त देगी राजस्थान सरकार

बजट में घोषणा

एजेंसी/जयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत विधानसभा सदन में अपने तीसरे कार्यकाल का आखरी बजट पेश किया। यहां उन्होंने अपने भाषण में कई अहम घोषणाएं की। हालांकि इससे पहले गहलोत द्वारा 6 मिनट तक पिछले साल का बजट पढ़ देने से सदन में हंगामा हो गया और कार्यवाही 30 मिनट के लिए स्थगित कर दी गई थी।

गहलोत ने बड़ी घोषणा करते हुए बताया कि प्रदेश में किसानों को 2000 यूनिट तक की बिजली मुफ्त दी जाएगी। प्रदेश में उज्जवला स्कीम का लाभ उठाने वालों को रिफलिंग पर केवल 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध होगा। घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट की बिजली फ्री दी जाएगी। कोरोना काल में जिन बच्चों के मां-बाप मर गए हैं उन्हें 18 की उम्र में आने पर सरकारी नौकरी दी जाएगी। दुर्घटना बीमा को 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर दिया गया है। प्रदेश के 15 स्थानों पर 20 करोड़ रुपये की लागत से नशा मुक्ति केन्द्र बनाए जाएंगे। प्रतापगढ, राजसमन्द और जालोर में मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे।

भागलपुर में गार्ड की सूझबूझ के कारण लुटने से बच गया बैंक, भाग निकले लुटेरे

केटी न्यूज/भागलपुर

भागलपुर में एक बैंक लूट की कोशिश गार्ड की सूझबूझ के कारण विफल हो गयी। वहीं घटना के बाद पुलिस की मुस्तैदी की वजह से लूट में लिप्त एक अपराधी भी दबोचा गया। घटना कहलगांव के ब्लॉक रोड स्थित सत्कारचौक रोड, शीतलनगर स्थित केनरा बैंक की है जहां दिन में करीब 1 बजे नकाबपोश लूटेरे पहुंचे और लूट की मकसद से बैंककर्मी के ऊपर हथियार तान दिया। हालाकि गार्ड की सूझबूझ के कारण बदमाशों को भागना पड़ा।

बैंक में घुसे अपराधी, गार्ड ने की फायरिंग : घटना शुक्रवार को दोपहर 1 बजे के करीब की है। जब दो नकाबपोश अपराधी हथियार से लैश होकर केनरा बैंक के कहलगांव ब्रांच में घुस गये और ब्रांच मैनेजर के चेंबर में प्रवेश कर गए। उस वक्त ब्रांच मैनेजर विक्रम कुमार के साथ पीओ दीपक भी थे। अपराधी ग्राहक बनकर अंदर घुसे। एक अपराधी ने पीओ दीपक के कनपटी पर हथियार सटा दिया। तबतक केबिन के बगल में खडे गार्ड कुंदन की नजर बदमाशों पर पड़ गयी। जिसके बाद कुंदन ने आनन फानन में बैंक के अंदर हवाई फायरिंग कर दी।

अपराधी बैंक के अंदर फायरिंग करके भागे : गार्ड ने बैंक के अंदर फायरिंग की तो बदमाश घबरा गये और आनन-फानन में बैंक के अंदर ही फायरिंग करते हुए भागने लगे। इस दौरान एक अपराधी गेट की ग्रील में उलझा भी। लेकिन दोनों भागने में सफल हो गए। बताया जा रहा है कि बाइक पर 4 से 5 की संख्या में अपराधी आए थे। घटना कहलगांव अनुमंडल कार्यालय से महज दो सौ मीटर की दूरी पर ही घटी है। डीएसपी कार्यालय के करीब हुई इस घटना से ऐसा लगने लगा है कि पुलिस का खौफ बदमाशों में खत्म हो चुका है।

वर्ष 2007 में सोने की कीमत 10,800 रुपए प्रति 10 ग्राम थी, जो अब बढ़कर 53 हजार हो गई है

देश की आजादी के समय महज 88.62 रुपये तोला था सोना

एजेंसी/नई दिल्ली

आज एक तोला यानी 10 ग्राम सोने की कीमत 50,000 हजार रुपये से भी अधिक हो गई है। हर कोई अपने पास सोना रखना चाहता है। हालांकि, इसके लिए काफी मोटा पैसा खर्च करना पड़ता है, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए सोने से बना कोई आभूषण खरीदना किसी सपने के सच होने जैसा ही होता है। लेकिन, क्या आपको पता है एक वक्त ऐसा भी था जब सोने की कीमत 100 रुपये से भी कम थी। जी हां, देश की आजादी के समय सोने का जो भाव था, वो आज के मुकाबले 600 गुना से भी कम था।

1947 में 600 गुना सस्ता था सोना: मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 15 अगस्त 1947 को सोने का भाव 88.62 रुपये तोला था। तब और वर्तमान की कीमत की तुलना करें तो एक बहुत बड़ा अंतर दिखता है। सोने की कीमत में यह बढ़त 600 गुना से भी अधिक है। पूरी दुनिया में सोने में निवेश को सबसे सुरक्षित माना जाता है। जब दुनियाभर के बाजारों में उथल-पुथल होती है तो लोग सोने में निवेश करने के लिए दौड़ पड़ते हैं। आजादी के बाद से सोने की कीमत बढ़ती रही और 1964 के बाद यह 1947 के स्तर पर कभी नहीं पहुंची।

इस तरह बढ़ी सोने की कीमतें: 1948 में सोने की कीमत बढ़कर 95.87 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। 1953 में सोने की कीमत 73.06 रुपये प्रति 10 ग्राम, 1959 में सोने का भाव पहली बार 100 रुपये के पार गया और कीमत 102.56 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। 1964 में सोने की कीमत में बड़ी गिरावट आई और यह 63.25 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई 1967 में सोने की कीमत 102.5 रुपये पर पहुंच गई, 1972 में पहली बार 200 के स्तर को पार कर 202 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। 1974 में पहली बार 500 रुपये के स्तर पर पहुंच गई 1980 में पहली बार 1000 का आंकड़ा छुआ और 1330 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। 1985 में सोने की कीमत पहली बार 2000 रुपये का स्तर पर पहुंची, 1996 में सोने की कीमत 5160 रुपये पर गई। 2007 में सोने की कीमत 10,800 रुपये हुई, 2010 में 20000, 2011 में 26,400 पर पहुंच गई, 2018 में सोने की कीमत 30,000 से अधिक थी और 2019 में सोने कीमत 39,000 के करीब थी। इसी प्रकार बढ़ते-बढ़ते आज यह 50 हजार के पार पहुंच गई है। वैज्ञानिकों की मानें तो पृथ्वी में अब लगभग 30% से भी कम सोना बचा है। ऐसे में आने वाले समय में इसकी कीमत में कितना उछाल होगा, यह नहीं कहा जा सकता।

खबरें फटाफट

कलेक्ट्रेटकर्मी की हत्या का वांछित गिरफ्तार, आखिरी आरोपित की तलाश

आरा। नगर थाना क्षेत्र के नेहरू नगर निवासी कलेक्ट्रेट में संविदा पर बहाल कर्मचारी मिथिलेश कुमार की हत्या में एक अन्य वांछित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह नगर थाना क्षेत्र के शिवगंज निवासी मुनि सोनी का पुत्र नवल कुमार सोनी है। वह हत्याकांड का अप्राथमिकी आरोपित है। पुलिस की अनुसंधान में उसका नाम आया था। इस मामले में पुलिस को अब सिर्फ एक आरोपित की तलाश है। एसपी प्रमोद कुमार की ओर से यह जानकारी दी गयी है। उन्होंने बताया कि पिछले साल 16 जून को आपसी रंजिश में मिथिलेश कुमार की गोली मार हत्या कर दी गयी थी। उसमें कुछ आरोपितों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। फरार चल रहे दो आरोपितों की धरपकड़ को लेकर एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में छापेमारी की जा रही थी। उसी क्रम में गुरुवार की रात नवल कुमार सोनी को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि अब आखिरी आरोपित की तलाश है। उसके लिए छापेमारी की जा रही है। छापेमारी में नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार और डीआइयू टीम शामिल थी। इसी थाने की पुलिस ने आर्म्स एक्ट के आरोपित धरहरा निवासी विशाल डोम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उसके खिलाफ भूत-प्रेत के विवाद में मारपीट और गोली मारने की प्राथमिकी दर्ज है। इसी थाने की पुलिस ने रंगदारी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनमें चरपोखरी थाने के बडीहां गांव निवासी भौजी कुमार और उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सरफाफार गांव निवासी अरविंद कुमार शामिल है।

गया में पति के सामने जिंदा जल गई पत्नी

गया। गया में सड़क हादसे के कारण कार में बैठी पत्नी पति के सामने जिंदा जल गई, लेकिन वो कुछ भी नहीं कर पाया। हादसा गुरुवार रात को हुआ। महिला के पति ने बताया कि वो लोग टिकारी-कुर्था मार्ग से मऊ की ओर जा रहे थे। तभी पुल के पास जाते ही कार अनियंत्रित होकर 10 फीट नीचे जा गिरी। नीचे गिरते ही कार में आग लग गई। मैं ड्राइवर साइड का गेट खोलकर बाहर निकला। और पत्नी को निकालने के लिए दौड़ा। तब तक पूरी कार लपटों से घिर चुकी थी। मेरे सामने ही मेरी पत्नी कार में जिंदा जल गई। वो चीख रही थी। मुझसे बचाने की गुहार लगा रही थी, लेकिन मैं कुछ भी नहीं कर सका।

समुदाय की भागीदारी से फाइलेरिया रोग का उन्मूलन सुनिश्चित है: तेजस्वी

- उप मुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी यादव ने मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का किया शुभारंभ
- कहा- हम सब फाइलेरिया रोग के उन्मूलन हेतु प्रतिबद्धता के साथ मिलकर कार्य करें और विकसित बिहार का निर्माण करें

केटी न्यूज/पटना

पटना के ज्ञान भवन सभागार में राज्य के उप मुख्यमंत्री सह स्वास्थ्य मंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने शुक्रवार को मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने स्वयं फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करते हुए कहा समुदाय की भागीदारी से बिहार राज्य से फाइलेरिया रोग का उन्मूलन शीघ्र सुनिश्चित होगा। हम सब फाइलेरिया रोग के उन्मूलन हेतु प्रतिबद्धता के साथ मिलकर कार्य करें और विकसित बिहार का निर्माण करें। इस अवसर पर उपस्थित अन्य अधिकारियों एवं सभागार में उपस्थित प्रतिभागियों ने भी फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन किया।

तेजस्वी ने बताया कि समुदाय को फाइलेरिया या हाथीपांव रोग से बचाने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में बिहार सरकार द्वारा 10 फरवरी से फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 8 जिलों औरंगाबाद, अरवल, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर, सारण, शेखपुरा, शिवहर और वैशाली के चुनिन्दा ब्लाकों में तीन दवा यानी अल्बेंडाजोल, डीईसी, और आइवरमेक्टिन के साथ तथा 16 जिलों बांका, भागलपुर, चंपारण पूर्व, चंपारण पश्चिम, गया, गोपालगंज, जमुई, जहानाबाद, कैमूर, कटिहार, खगड़िया, मुंगेर, सहरसा, सीतामढ़ी, सीवान और सुपौल के चुनिन्दा ब्लाकों में दो दवा यानी अल्बेंडाजोल और डीईसी के साथ मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा समुदाय के सभी लाभार्थियों को घर घर जा कर निःशुल्क फाइलेरिया रोधी दवाइयाँ अपने सामने खिलाई जायेगी। ये दवायें पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के प्रत्येक गाँव के अंतिम छोर तक रहने वाली आबादी तक दवाओं की उपलब्धता एवं इसके लिए आवश्यक मानव संसाधन सुनिश्चित होना चाहिए ।

बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के कंट्री लीड डॉ. भूपेंद्र त्रिपाठी ने सुझाव दिया कि सोशल मोबिलाइजेशन के माध्यम से लोगों को इस रोग से सुरक्षित रहने के बारे में और अधिक जागरूक किया जाये और राज्य स्तर से ब्लाक स्तर तक कार्यक्रम के दौरान आंकड़ों का अनुश्रवण किया जाये। राज्य के अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन दिया गया। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं दवा का सेवन करना यह बता रहा है कि राज्य इस रोग से शीघ्र मुक्त होगा।

राज्य में अभी हाथीपांव के लगभग 95 हजार मरीज

स्वास्थ्य सचिव के. सेंथिल कुमार ने कहा कि एमडीए के सफल किर्यन्वयन हेतु उपरोक्त 24 जिलों में लक्षित लाभार्थियों हेतु दवाओं की उपलब्धता, आवश्यक मानव संसाधन एवं अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति की जा चुकी है और कार्यक्रम के पश्चात, प्रतिदिन इसके अंतर्गत होने वाली गतिविधियों की समीक्षा की जायेगी ताकि किसी भी प्रकार की कमी रहने न पाए। कार्यक्रम में दवाओं का वितरण कदापि नहीं किया जायेगा और सभी लाभार्थियों को स्वास्थ्य कर्मियों के सामने ही दवाओं का सेवन करवाया जाएगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य सचिव सह कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, संजय कुमार सिंह ने बताया कि फाइलेरिया या हाथीपांव रोग सार्वजनिक स्वास्थ्य की गंभीर समस्या है। यह रोग संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार फाइलेरिया दुनिया भर में दीर्घकालिक विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है। किसी भी आयु वर्ग में होने वाला यह संक्रमण लिम्फैटिक सिस्टम को नुकसान पहुंचाता है और अगर इससे बचाव न किया जाए तो इससे शारीरिक अंगों में असामान्य सूजन होती है। फाइलेरिया के कारण चिरकालिक रोग जैसे; अंडकोष की थैली में सूजन, लिम्फेडेमा (अंगों की सूजन) व काइलुरिया (दूधिया सफेद पेशाब) से ग्रसित लोगों को अक्सर सामाजिक बहिष्कार का बोझ सहना पड़ता है, जिससे उनकी आजीविका व काम करने की क्षमता भी प्रभावित होती है। उन्होंने बताया कि आंकड़ों के अनुसार राज्य में अभी हाथीपांव के लगभग 95 हजार और हाइड्रोसील के लगभग 17 हजार मरीज हैं।

गीधा से कोईलवर लौट रही टेंपो में बेलगाम ट्रक ने मारी जोरदार ठोकर, गुस्साए लोगों ने फोरलेन किया जाम

कुल्हड़िया टोल प्लाजा के पास भीषण सड़क हादसे में पति-पत्नी और बेटी की मौत, पांच लोग घायल

- घायलों में मृतक दंपती की दो अन्य बेटियां और एक पुत्र भी शामिल, तीनों पटना रेफर
- टायर जलाकर लोगों ने किया विरोध-प्रदर्शन, एसडीएम व एसडीओपी पहुंचे
- परीक्षा खत्म होने के बाद बच्चों और पत्नी के साथ ससुराल गये थे तारकेश्वर

केटी न्यूज/आरा

भोजपुर में पटना-बक्सर फोरलेन पर शुक्रवार की दोपहर बेलगाम ट्रक और ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए। इस भीषण सड़क हादसे में ऑटो सवार पति-पत्नी और बेटी सहित तीन लोगों की मौत हो गयी। मृत दंपती की दो अन्य बेटियां और एक पुत्र सहित पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी भी हो गये हैं। तीनों को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया है। हादसा कोईलवर थाना क्षेत्र के कुल्हड़िया टोल प्लाजा के समीप हुआ है।

मृतकों में कोईलवर के वार्ड नंबर दस निवासी 38 वर्षीय तारकेश्वर राय, उनकी 35 वर्षीय पत्नी संध्या देवी और 18 वर्षीय पुत्री छोटी कुमारी शामिल थी। हादसे में तारकेश्वर राय की 17 वर्षीय पुत्री खुशी कुमारी 13 साल की पुत्री नीति कुमारी, दस साल का पुत्र विश्वकर्मा, पटना के नौबतपुर निवासी अरविंद शर्मा (48) और उनकी पत्नी संजू देवी (42) शामिल हैं। तारकेश्वर राय अपनी बेटी खुशी को इंटर की परीक्षा दिलवा पूरे परिवार के साथ गीधा से कोईलवर जा रहे थे। हादसे के बाद ट्रक और ऑटो चालक फरार हैं। इधर, एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत के बाद भड़के लोग सड़क पर उतर गये और हंगामा शुरू कर दिया। मुआवजे की मांग को लेकर गुस्साए लोगों ने आरा-पटना फोरलेन को जाम कर दिया है। टायर जलाकर प्रदर्शन और नारेबाजी की जा रही है। इधर, सूचना मिलने पर सदर एसडीओ ज्योति नाथ शाहदेव और एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में कोईलवर सहित आसपास के थानों की पुलिस पहुंच गयी है। लोगों को समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

अमंगलकारी साबित हुआ शुक्रवार का दिन

तारकेश्वर राय के परिवार के लिए शुक्रवार का दिन अमंगलकारी रहा। शाम करीब तीन बजे उनके परिवार पर तेज रफ्तार का कहर टूट पड़ा। गांव से कुछ दूरी पटना-बक्सर फोरलेन पर कोईलवर के कुल्हड़िया टोल प्लाजा के पास ऑटो पर सवार उनका पूरा परिवार तेज रफ्तार ट्रक के नीचे आ गया। ऐसे में पल भर में उनका पूरा परिवार उजड़ गया। एक ही झटके में तीन बच्चे अनाथ हो गये। तीनों की आंखों के सामने माता-पिता और बहन ने तड़प कर दम तोड़ दिया। इससे तीनों बच्चों का बुरा हाल था। माता-पिता और बहन से बिछड़ने के गम में तीनों बेहाल थे। बच्चों की हालत देख सभी का कलेजा पसीज जा रहा था। तारकेश्वर राय के साले अमर कुमार राय ने बताया कि उनकी भांजी खुशी कुमारी की इंटर की परीक्षा चल रही थी। उसे लेकर उनके जीजा दो दिन पहले पूरे परिवार के साथ उसके घर गीधा आये थे। परीक्षा खत्म होने के बाद शुक्रवार की शाम सभी ऑटो से अपने गांव कोईलवर लौट रहे थे। उसी दौरान कुल्हड़िया स्थित टोल प्लाजा के समीप सामने से रहे ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। उससे ऑटो सवार उसके जीजा तारकेश्वर राय, उसकी बहन संध्या देवी और भांजी छोटी कुमारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। उसी ऑटो पर सवार उनकी दो भांजियां खुशी कुमारी,निक्की कुमारी,, भांजे विश्वकर्मा कुमार और ऑटो चालक सहित अन्य लोग भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

मुआवजा मिलने के बाद सड़क से हटे लोग

हादसे से गुस्साए स्थानीय लोगों द्वारा शव के साथ पटना-बक्सर फोरलेन को जाम कर दिया गया था। टायर जलाकर ही यातायात बाधित कर दिया गया था। ग्रामीणों मृतकों के परिजन को मुआवजा देने और बालू लदे वाहनों के परिचालन पर रोक की मांग को लेकर वरीय अफसरों को बुलाने की मांग कर रहे थे। सूचना मिलने पर एसडीओ ज्योतिनाथ लाल शाहदेव और एएसपी हिमांशु पहुंचे। एसडीओ के आदेश पर मृतक के परिजनों को 20-20 हजार रुपए के चेक दिए गए। साथ ही सड़क दुर्घटना के दौरान मृत्यु पर मिलने वाली पांच लाख की राशि कागजी कार्रवाई जल्द पूरी करने का आश्वासन दिया गया।

लोग बोले- बालू लदे ट्रकों से आफत में जान

हादसे के बाद सड़क जाम कर रहे लोगों का कहना था कि ओवरलोड बालू लदे ट्रकों के अवैध परिचालन से लोगों की जान आफत में है। लोगों द्वारा एसडीओ और एएसपी से ओवरलोड बालू लदे ट्रकों के अवैध परिचालन के साथ ही कोईलवर नगर पंचायत के सर्विस रोड में बेलगाम दौड़ने की शिकायत की। इस मामले को लेकर स्थानीय प्रशासन के कार्यशैली पर एतराज भी जताया गया। कहा गया कि ओवरलोड बालू लदे ट्रकें पासिंग गिरोह और स्थानीय प्रशासन की सह पर सड़क और रॉंग साइड से बेलगाम दौड़ते हैं। उसकी वजह से हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

नवादा में युवा व्यवसायी की गोली मारकर हत्या इलाके में दहशत

नवादा। नवादा के नक्सल प्रभावित इलाका कौवाकोल थाना क्षेत्र के चरौल गांव में प्रसिद्ध व्यवसाई युवक की गोली मारकर हत्या कर देने का मामला प्रकाश में आया है। हत्या के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया है। बेखौफ अपराधी के द्वारा गोली मारकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। जहां मृतक की पहचान मानसागर गांव के रहने वाले राजेंद्र साव का 30 वर्षीय पुत्र अमरदीप साव के रूप में किया गया है। बताया जाता है कि राजेंद्र साव 1984 से ही क्षेत्र में दुकान चला रहे हैं। काफी बेहतर व्यवसाई के रूप में जाने जाते हैं। बेटे की हत्या से वह पूरी तरह टूट गए हैं।

मृतक के भांजा रूपेश गुप्ता ने जानकारी दिया है कि चरौल गांव के रहने वाले कुंदन सिंह छोटू सिंह के द्वारा फोन से बुलाकर घर में बैठा कर गोली मारकर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है। मेरे मामा गिट्टी सीमेंट का काम करते थे और शायद पैसा को लेकर ही विवाद हुई है। इसी में गोली मारकर हत्या कर दिया गया है। हत्या के बाद सभी लोग घर छोड़कर फरार हो गए हैं। बताया जाता है कि मृतक युवक व्यवसाय करते थे और पैसा की हिसाब करने के लिए कुंदन सिंह व छोटू सिंह ने फोन करके बुलाया और उसी दौरान किसी बात को लेकर गोली मारकर हत्या कर दी गई है गोली सीधा सीना में मारी गई है। और हत्या के बाद दोनों लोग घर छोड़कर फरार हो गए हैं। मृतक की पहली शादी की सालगिरह से 3 महीना पहले ही घर से अर्थी निकल गई। वही पत्नी का रो रो कर बुरा हाल है। बताया जाता है कि अमरदीप साव का विवाह जून 2022 में काजल कुमारी से हुआ था।

उदवंतनगर में कैश वैन के गनमैन से लूट मामले में तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार, लूटी गई बाइक बरामद

- अपराधियों के पास से एक कट्टा, एक गोली, एक चाकू को पुलिस ने किया बरामद
- लूटा गया मोबाइल के अलावे चार अन्य मोबाइल भी पुलिस ने किया जब्त
- उदवंतनगर पंचायत सरकार भवन के पास 30 जनवरी को हुई थी लूट

केटी न्यूज/आरा

अपराधियों और लुटेरों की गिरफ्तारी में जुटी भोजपुर पुलिस को फिर सफलता मिली है। पुलिस ने उदवंतनगर पंचायत सरकार भवन के पास कैश वैन के गन मैन से लूटपाट करने वाले तीन मुख्य अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा, एक गोली, बटन वाला एक टाइगर चाकू और पांच मोबाइल भी बरामद किया गया है। गनमैन की लूटी गयी अपाची बाइक और मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सोहरा गांव निवासी चंदन सिंह, त्रिभुवानी निवासी मो. जावीर और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भेड़िया गांव निवासी रुपेश कुमार शामिल हैं। एसपी प्रमोद कुमार की ओर से शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि तीस जनवरी की रात करीब दस बजे उदवंतनगर पंचायत सरकार भवन के पास लूट की घटना हुई थी। उस दौरान बाइक सवार तीन अपराधियों द्वारा ओवरटेक कर हथियार का भय दिखा सुढ़नी गांव निवासी जयनंदन चौधरी की अपाची बाइक और मोबाइल छीन लिया गया था। जयनंदन चौधरी आरा में कैश वैन के गन मैन का काम करता है। घटना के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी व लूटे गये सामानों की बरामदगी को एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में एक टीम गठित की गयी थी। टीम द्वारा तकनीकी सूत्र और लोकल इनपुट के आधार पर लूट की घटना में शामिल अपराधियों की पहचान की। उसके बाद गुरुवार की रात तीनों मुख्य अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान कट्टा, गोली, चाकू, लूटी गयी बाइक और मोबाइल बरामद कर लिया गया। बरामद अन्य मोबाइल की जांच और पकड़े गए बदमाशों की आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। टीम में उदवंतनगर थानाध्यक्ष शशिभूषण और डीआईयू के अफसर व जवान शामिल थे।

खबरें फटाफट

नया भोजपुर में अधेड़ की पिटाई 12 पर केस दर्ज

डुमरांव। नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर गांव में नल-जल योजना के सामानों की रखवाली कर रहे एक अधेड़ की पिटाई किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में जख्मी प्रेमचंद राम ने 12 लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि वह नल-जल के ऑपरेटर के रूप में काम करता है और रात में पिता नल-जल योजना के सामानों की रखवाली करते है। सामानों की चोरी करने की नीयत से सभी लोग आ धमके। जब इसका विरोध मेरे पिता ने किया तो उनकी जमकर पिटाई कर दी। हो-हल्ला सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे तब तक सभी आरोपी फरार हो गये। उन्हें अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने बक्सर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ित ने पुराना भोजपुर निवासी मिथिलेश राम, नागेंद्र राम, उपकार राम, प्रदोष राम, मंगल राम सहित 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

मां का हत्यारा बेटा गिरफ्तार, जेल

कृष्णाब्रह्म। कृष्णाब्रह्म पुलिस ने एक हत्यारोपी को पटना जिला के सगुना गांव से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार हिमांशु शेखर उर्फ मुकेश पांडेय अरक पश्चिम टोला का रहने वाला है। बता दें कि 9 दिसंबर की रात मुकेश ने शराब के नशे में अपनी मां फुलकेश्वरी देवी (65 वर्ष) की हत्या कर अपने दस वर्षीय बेटे के साथ फरार हो गया था। ग्रामीणों की सचना पर पटना से आए उसके पिता रामाशंकर पांडेय ने इस मामलें में मुकेश के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराया था। लेकिन घटना के बाद से ही वह फरार चल रहा था। गुरूवार को कृष्णाब्रह्म पुलिस ने उसे गुप्त सूचना पर पटना जिला के सगुना गांव से गिरफ्तार किया। उसके साथ उसका दस वर्षीय बेटा भी था। बता दें कि आरोपी मुकेश नशे का आदि था तथा इसी लत के कारण उसका अपनी पत्नी से भी विवाद चल रहा था। पत्नी उसे छोड़ मायके चली गई थी।

बोलेरो की टक्कर से फुटपाथी दुकानदार जख्मी

डुमरांव। स्थानीय शहर के मुख्य सड़क से सटे फूलचंद कानू रोड में मिठाई से सजे ठेला को एक बोलेरो ने टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दुकानदार चोटिल हो गया और ठेले पर बिक्री के लिए सजा कर रखी गई मिठाई सड़क पर गिर बर्बाद हो गई। घटना के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला। इस मामले में पीड़ित दुकानदार ने स्टेट बैंक के समीप रहने वाले वाहन मालिक दिनेश सिंह और चालक डिकेश सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

गर्व के पल... कवयित्री मीरा सिंह 'मीरा' को रामवृक्ष बेनीपुरी शिखर बाल साहित्य सम्मान

- कालीदास रंगालय में समारोह आयोजित कर किया गया सम्मानित
- हिंदी बाल साहित्य शोध संस्थान बनौली दरभंगा द्वारा दिया गया सम्मान
- सम्मान मिलने से डुमरांव व महारानी उषा रानी स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने जताया हर्ष

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव के महारानी उषा रानी बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय की शिक्षिका और चर्चित कवयित्री मीरा सिंह 'मीरा' को रामवृक्ष बेनीपुरी शिखर बाल साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान गुरूवार को पटना के कालीदास रंगालय में हिंदी बाल साहित्य शोध संस्थान बनौली, भागलपुर द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में दिया गया है। संस्थान के संस्थापक व निदेशक चर्चित बाल साहित्यकार डॉ सतीश चंद्र भगत ने हिन्दी साहित्य खासकर बाल साहित्य में अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें अपने हाथों पुरस्कार दिया है। उनके साथ देशभर के विख्यात तथा हिंदी साहित्य के संवर्द्धन में योगदान देने वाले करीब आधा दर्जन अन्य साहित्यकारों को भी सम्मानित किया गया है। कवयित्री मीरा सिंह मीरा ने कम समय में ही हिन्दी साहित्य में अपनी प्रतिभा की गहरी छाप छोड़ी है।

वहीं बिहार में बाल साहित्य का गौरवमयी इतिहास रहा है। बाल साहित्य के संवर्धन और विकास में हिंदी बाल साहित्य शोध संस्थान बनौली, दरभंगा का सराहनीय योगदान रहा है। इसके संस्थापक व निदेशक चर्चित बाल साहित्यकार डॉ सतीश चंद्र भगत के अगुवाई में संस्थान के छठवें स्थापना दिवस समारोह 9 फरवरी 2023 को पटना के स्थित कालिदास रंगालय में धूमधाम और हर्षोल्लास से आयोजित हुआ। इसी कार्यक्रम में देश के कई बाल साहित्यकारों को बाल साहित्य सृजन और संवर्धन के लिए सम्मानित किया गया है। इस मौके पर डुमरांव की चर्चित साहित्यकार मीरा सिंह मीरा को बाल साहित्य सृजन में विशिष्ट योगदान के लिए रामवृक्ष बेनीपुरी शिखर बाल साहित्य 2023 सम्मान से अलंकृत किया गया।

विदित हो कि मीरा सिंह मीरा वयस्क और बाल साहित्य दोनों पर सतत कार्य कर रही हैं। सम्मानित होने वाले बाल साहित्यकारों में मुजफ्फरपुर के अनुभव राज, हरियाणा के राजपाल सिंह गुलिया, पटना की रेखा मिश्रा भारती, कटनी के राजा चौरसिया, सुपौल की अलका वर्मा, मध्य प्रदेश की सावित्री जगदीश इत्यादि रहे। इस समारोह में बाल पुस्तकों का लोकार्पण, विचार गोष्ठी और कवि सम्मेलन का भी आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि भगवती प्रसाद द्विवेदी ने बाल साहित्य को संस्कार का पाठशाला बताते हुए इसके विविध पहलुओं पर रौशनी डाला। संयोजक डॉ सतीश चंद्र भगत आने अपनी बात रखते हुए कहा कि बाल साहित्यकार सिर्फ रचना ही नहीं करते बल्कि बच्चों का मानसिक विकास भी करते हैं।

सम्मान मिलने से बढ़ा उत्साह

सम्मान पाकर डुमरांव लौटी कवयित्री को बधाई दी गई है। वही कवयित्री मीरा ने कहा कि इस सम्मान के मिलने के बाद साहित्य व कविताओं के सृजन में उनका उत्साह बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि साहित्य से उनका लगाव बचपन से रहा है तथा पढ़ने के समय से ही कविताओं की रचना कर रही है। गौरतलब है कि मीरा सिंह मीरा को इसके पहले भी कई सम्मान मिल चुके हैं। उनकी गिनती डुमरांव के अग्रणी साहित्यकारों में हो रही है। इस पुरस्कार के मिलने के बाद स्थानीय साहित्यकारों में भी खुशी व्याप्त है।

जीआरपी व आरपीएफ द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान में मिली सफलता

अंतरप्रांतीय गिरोह का तस्कर एक करोड़ की अफीम के साथ गिरफ्तार

- दो पैकेटों में रखा एक किलो अफीम को पुलिस ने किया बरामद
- झारखंड से दिल्ली लेकर जा रहा था अफीम की बड़ी खेप
- संदेह के आधार पर पूछताछ और बैग की तलाशी से पकड़ में आया तस्कर

केटी न्यूज/बक्सर

झारखंड से अफीम की खेप लेकर जा रहे अंतर प्रांतीय गिरोह के एक अफीम तस्कर को डीडीयू जीआरपी आरपीएफ की संयुक्त टीम ने दबोच लिया है। उसके पास से एक किलो अफीम बरामद हुआ है। जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ रूपए है। वह अफीम की खेप को झारखंड से दिल्ली लेकर जा रहा था। इसी दौरान गुप्त सूचना पर रेल पुलिस के हत्थे चढ़ गया। गिरफ्तार युवक के पास से बरामद बैग में दो पैकेटों में पारदर्शी पन्नी में लिपटा 1 किलो अफीम बरामद हुआ है।

जीआरपी डीडीयू के प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह से मिली जानकारी के अनुसार विभागीय उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशन में रेल अपराधियों, रेल के माध्यम से तस्करी करने वालों और संदिग्ध यात्रियों के विरुद्ध जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा प्लेटफार्म और सकुर्लेटिंग एरिया में नियमित चेकिंग अभियान के क्रम में जब जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम चेकिंग कर रही थी तो उसी दौरान प्लेटफार्म संख्या 7 के फुटओवर ब्रिज के पास 25 कदम पश्चिम दिशा में एक संदिग्ध युवक नजर आया। संदेह के आधार पर टीम द्वारा पूछताछ के बाद जब उसके बैग की तलाशी ली गई तो उसमें दो पैकेट में रखा 1 किलो अफीम बरामद हुआ। पूछताछ में युवक अपना नाम दिलीप कुमार यादव पिता मथुरा यादव उर्फ महतो निवासी ग्राम सिनवारी थाना चतरा सदर जिला चतरा झारखंड का निवासी होना बताया। आगे पूछताछ में युवक ने बताया कि अफीम की खेप लेकर ट्रेन बदल बदल कर दिल्ली में ले जाकर ऊंचे दामों में बेचने का कार्य करता है। जिसे एनडीपीएस की सुसंगत धाराओं में शनिवार को जेल भेज दिया गया।

लंबे समय से कर रहा था अफीम की तस्करी: सूत्रों की मानें तो वह लंबे समय से अफीम की तस्करी कर रहा था। जीआरपी की गिरफ्त में उसने इस बात को कबूला भी कि वह इसके पहले भी अफीम की खेप लेकर दिल्ली पहुंचाया था। अफीम की तस्करी में उसे गाढ़ी कमाई भी हुई थी। लेकिन इस बार उसका संयोग खराब था तथा वह रेल पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जानकारों की मानें तो रेलवे विजलेंस को भी दिलीप के मादक पदार्थों की तस्करी के इपुट मिले थे। इसके बाद रेल प्रशासन द्वारा उसके खिलाफ जाल बिछाया गया था। इसी दौरान वह एक बार फिर से अफीम की खेप लेकर झारखंड से दिल्ली के लिए चला था। लेकिन इस बार रेल पुलिस को चकमा नहीं दे सका।

सूत्रों की मानें तो रेल पुलिस गुप्त सूचना पर ही चौकन्ना हो सर्च अभियान चला रही थी। इसी दौरान वह उनके हत्थें चढ़ गया। उसकी गिरफ्तारी को रेल पुलिस बड़ी कामयाबी मान रही है। गौरतलब है कि पटना डीडीयू रेलखंड पर आए दिन शराब व मादक पदार्थों के साथ तस्कर पकड़े जा रहे है। जानकार बताते है कि रेलवे को तस्कर अपने माल ढुलाई का सेफ जोन मानते थे। लेकिन अब रेल पुलिस की चुस्ती से तस्करों की मुश्किलें बढ़ गई है।

रैली की सफलता के लिए माले विधायक ने किया गांवों का दौरा

- 15 फरवरी को पटना के गांधी मैदान में होगी भाकपा माले की रैली
- ग्रामीणों से मिलकर अधिक से अधिक संख्या में रैली में शामिल होने की अपील की

केटी न्यूज/केसठ

भाकपा-माले के डुमरांव विधायक डा. अजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को केसठ के मुसहर टोली, किरनी, हरिटोला व शिवपुर में 15 फरवरी को गांधी मैदान में होनेवाली रैली में शामिल होने की अपील के साथ बैठक की गई। इसमें माले के केसठ प्रभारी ललन प्रसाद, जिला कमिटी सदस्य रेखा देवी, नीरज कुमार, वीरेन्द्र प्रसाद, जवाहिर महतो शामिल थे।

बैठक में विधायक ने 15 फरवरी को आयोजित रैली में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र भी बांटा और उनसे आर्थिक सहयोग भी लिया। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक रैली के लिए चंदा दिया और हजारों की संख्या में गांधी मैदान पहुंचने का संकल्प लिया। माले विधायक ने कहा कि 15 फरवरी को हम देश व लोकतंत्र बचाने के संकल्प के साथ गांधी मैदान पहुंच रहे हैं। भाजपा रूपी विपदा से मुक्ति देश के लिए आज सबसे अहम सवाल है। लोगों के रोजी-रोजगार पर हमला है। अल्पसंख्यकों को लगातार उत्पीड़ित किया जा रहा है। एनआइए की छापेमारी चल रही है। भाजपा के फासीवादी मंसूबे को बिहार की जनता ध्वस्त करेगी। उन्होंने कहा कि रैली में गरीबों, मजदूरों, किसानों के साथ-साथ कामकाजी तबके के विभिन्न हिस्सों की भारी भागीदारी होगी।

पटना-डीडीयू रेलखंड पर ट्रैक चटकने की घटना से जीएम नाराज, बोले-सुरक्षित परिचालन से समझौता नहीं

केटी न्यूज/बक्सर

बीते बुधवार को बक्सर-डीडीयू रेल प्रखंड के दरौली और जमानियां स्टेशनों के बीच चटके रेल ट्रैक से पंजाब मेल के गुजरने की घटना पर रेल महाप्रबंधक हाजीपुर जोन अनुपम शर्मा के तल्ख तेवर को देखते हुए रेलपथ अभियंत्रण महकमा हरकत में आ गया है। जगह-जगह कमजोर पटरियों के पेंडल क्लिप को खोलकर ग्रीसिंग का कार्य किया जा रहा है और रबर पैड लगाकर पेंडल क्लिप को रेल पटरियों में कसा जा रहा है। जिससे कि रेलवे ट्रैक में घटते बढ़ते तापमान के कारण सिकुड़न और फैलाव की वजह से ट्रैक चटकने की घटना से बचा जा सके।

गौरतलब है कि बीते बुधवार को सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस ट्रेन के सुबह गुजरने के दौरान दरौली जमानिया स्टेशनों के बीच हरिबल्लमपुर गांव के पास रेलवे ट्रैक चटक गया था और चटके ट्रैक से जब पंजाब मेल गुजर रही थी तो पटरियों से उठते तड़तड़ाहट की शोर सुन

चालक द्वारा इमरजेंसी ब्रेक लगाकर के ट्रेन को खड़ी कर दी थी। उसी समय डीआरएम दानापुर प्रभात कुमार अन्य अधिकारियों के साथ विंडो इंस्पेक्शन पर निकले थे। जब इस घटना की जानकारी हुई तो चटके हुए रेलवे ट्रैक का निरीक्षण किया। अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन से कोई समझौता नहीं होगा। जहां पर ट्रैक में थोड़ी भी खामी नजर आए उसको तत्काल दूर किया जाए।

रोहतास गॉट टैलेंट के ग्रैंड फिनाले में शिवपुर के तेजस्वी रहे दूसरा स्थान पर

केटी न्यूज/केसठ

रोहतास के रियलिटी शो रोहतास गॉट टैलेंट ग्रैंड फिनाले में प्रखंड के शिवपुर के तेजस्वी आनंद ने द्वितीय स्थान लाकर जिला एवं प्रखंड का नाम रोशन किया है। उसका चयन कैलकुलेटर से भी तेज गणना करने के लिए किया गया है। सासाराम में आयोजित रियल्टी शो रोहतास गॉट टैलेंट का आयोजन हुआ था। इस शो में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें केलकुलेटर से भी तेज गणना करने में शिवपुर के तेजस्वी आनंद ने द्वितीय स्थान लाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। तेजस्वी के पिता संतोष प्रसाद

अपने बच्चे की इस सफलता पर खुशी जताई है। पिता ने कहा कि वह बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि का है तथा कैलकुलेटर से भी तेज गणना कर लेता है। उसकी इस मेधा से उसके शिक्षक भी प्रभावित रहते हैं।

एक नजर

नवानगर में दिव्यांग बच्चों के अभिभावक और शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

नावानगर। बिहार शिक्षा परियोजना के समावेशी शिक्षा के तहत शुक्रवार को स्थानीय प्रखंड के मध्य विद्यालय कड़सर में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें गंभीर व अति गंभीर दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों, माता-पिता व वर्ग शिक्षकों को एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षक रविदत्त मिश्र, राज कुमार तिवारी एवं नागेन्द्र तिवारी ने सामान्य बच्चों के साथ दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षा देने की जानकारी को बड़े ही रोचक तरीके से दिया। प्रशिक्षकों ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को शिक्षा प्राप्त करना उनका मौलिक अधिकार है। सरकार समावेशी शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को विद्यालय में विशेष तौर तरीके से पठन-पाठन की सुविधा उपलब्ध कराती है। इस दौरान आरपीडब्ल्यूडी के तहत बच्चों की दिव्यांगता की पहचान करने तथा उचित माध्यम से उसे विशेष रूप से ध्यान देकर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने एंव सरकार की नीतियों एवं उनके द्वारा उपलब्ध कराए गए सुविधाओं की जानकारी दिया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी पूनम कुमारी ने की। जबकि व्यवस्था का कार्य अशोक कुमार ने किया। प्रशिक्षण में काफी संख्या में अभिभावक व शिक्षक उपस्थित थे।

पूर्व विधायक संजीव झा के निधन पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने जताया शोक

बक्सर। केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने सहरसा से बीजेपी के पूर्व विधायक रहे संजीव झा के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि वे पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता थे। उनके आकस्मिक निधन से पार्टी ने एक ऊजार्वान नेता खो दिया है। स्व झा सहरसा जिले में पार्टी के मजबूत स्तंभ थे। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने कहा कि वे सहरसा में पार्टी के पहले विधायक थे। सहरसा के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहे। केंद्रीय मंत्री श्री चौबे ने अपने शोक संदेश में कहा कि उनका आकस्मिक निधन हमारे लिए व्यक्तिगत क्षति है। मैं स्तब्ध और निःशब्द हूं ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने शुरू की तैयारी, प्रत्येक परीक्षा कक्ष में 24 परीक्षार्थियों को बैठाया जाएगा

68वीं संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा 12 को, जिले में बनाए गए 18 केंद्र

केटी न्यूज/बक्सर

12 फरवरी को बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा आयोजित 68वीं संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता आयोजित की गई है। इस परीक्षा के संचालन के लिए बक्सर जिले में कुल 18 केन्द्र बनाए गए है। जहां 9 हजार 876 परीक्षार्थी इस प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होंगे। यह परीक्षा दोपहर 12.00 से 2.00 बजे तक आयोजित की गई है। कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर संयुक्त जिला आदेश जारी किया गया है। इस निदेश के तहत जिला प्रशासन जुट गया है। ताकि परीक्षा को कदाचारमुक्त निपटाया जा सके।

परीक्षा केंद्रों पर स्थाई स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती के साथ ही जोनल सह गश्ती दल दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति किए गए है। इसके साथ ही पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रतिनियुक्त किए गए सभी जोनल दंडाधिकारियों को परीक्षा के दौरान विभिन्न केन्द्रों पर पहुंच कदाचार रहित एवं शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संचालन कराने का निर्देश दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रत्येक परीक्षा कक्ष में 24 परीक्षार्थियों को बैठाया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक कमरों में दो वीक्षक तैनात किए गए हैं। किसी कमरे में 24 से अधिक परीक्षार्थी होने की स्थिति में वीक्षकों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। परीक्षा कक्ष के लिए वीक्षकों का आवंटन स्टैटिक दंडाधिकारी प्रेक्षक की उपस्थिति में 10.00 बजे पूर्वाहन रैंडम तरीके से किया जाएगा। परीक्षा कक्ष में वीक्षकों को मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। वहीं परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षार्थी को 11.00 बजे पूर्वाहन से परीक्षा की समाप्ति के पूर्व परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

परीक्षा के लिए जिले के इन स्कूल व कॉलेज का किया गया है चयन

68 वीं संयुक्त प्रवेश परीक्षा के लिए जिले के फाउंडेशन स्कूल इटाढ़ी रोड बक्सर, डीएवी पब्लिक स्कूल इटाढी रोड लालगंज बक्सर, सीनियर सेकेंडरी स्कूल कथकौली बक्सर, एमवी कॉलेज चरित्र वन बक्सर, केके मंडल महिला कॉलेज नई बाजार बक्सर, बिहार पब्लिक स्कूल अहिरौली बक्सर, एमपी उच्च विद्यालय रामरेखा घाट बक्सर, सरस्वती विद्या मंदिर अहिरौली बक्सर, बीबी उच्च विद्यालय बंगाली टोला बक्सर, केएनएस डिग्री कॉलेज इटाढी रोड बक्सर, नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय बक्सर, इंदिरा उच्च विद्यालय जेल रोड बक्सर, राज्य संपोषित बालिका उच्च विद्यालय बंगाली टोला बक्सर, सरस्वती विद्या मंदिर सिविल लाइंस बक्सर, जननायक करपुरी ठाकुर लॉ कॉलेज शिवपुरी बक्सर, संत मैरी उच्च विद्यालय नई बाजार बक्सर, एलबीटी कॉलेज चीनी मिल बक्सर, पीसी कॉलेज इटाढ़ी रोड बक्सर को केंद्र बनाया गया है। जहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में इस परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

खबरें फटाफट

सीएम का सीए बता कोतवाल पर धौंस जमाने वाला गिरफ्तार

गाजीपुर। खुद को मुख्यमंत्री कार्यालय लखनऊ का सीए बताकर शहर कोतवाल पर धौंस जमाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से दो एनड्रायड मोबाइल, तीन फर्जी आधार कार्ड, चार एटीएम बरामद किया गया है। गिरफ्तार फर्जी अधिकारी के ऊपर बलिया में भी ऐसे ही फजीर्वाड़ा का मामला पहले से पंजीकृत है। शहर कोतवाल तेज बहादुर सिंह ने बताया कि कुछ दिन पूर्व एक मामले की पैरवी में किसी व्यक्ति द्वारा उन्हें फोन कर मुख्यमंत्री कार्यालय का तथाकथित अधिकारी बताते हुए धौंस जमाई गई थी। मामले में संदेह होने पर फोन करके धमकाने वाले व्यक्ति की तफ्तीश शुरू की गई। छानबीन में मिले सबूतों के आधार पर रोडवेज बस स्टैंड के पास से आरोपी संजय कुमार राजभर निवासी रसड़ा जनपद बलिया को गिरफ्तार किया गया।

शिवजी शिवाला मंदिर में हुई चोरी का खुलासा

बलिया। फेफना थाना पुलिस ने चोरी के सामान के साथ एक व्यक्ति को देवरिया कला मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है। इसके पास से शिवजी शिवाला खोरीपाकड़ मंदिर से चोरी किए गए 8 मुर्ती, 5 आसन,3 मुकुट,1 अदद पायल, 3 माला, 1 चुनरी के साथ एक चाकू भी बरामद किया। इस संबंध में एसपी राज करन नय्यर ने चोरी का पदार्फाश करते हुए बताया कि विगत 19/20 .नवम्बर 2022 की मध्य रात्रि में शिवजी शिवाला खोरीपाकड़ मंदिर से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। जिसके बाद पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत घटना की जांच में जुट गयी। इसी क्रम में थानाध्यक्ष फेफना रोहन राकेश सिंह देवरिया कला मोड़ के पास से एक व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम करन कुमार वर्मा पुत्र स्व. ठाकुर प्रसाद वर्मा निवासी देवरिया कला थाना फेफना बताया। जिसके निशानदेही पर देवरिया कला गांव के बगीचे से चोरी के 8 मुर्ती, 5 आसन,3 मुकुट,1 अदद पायल, 3 माला, 1 चुनरी के साथ एक चाकू भी बरामद किया।

डीएम ने सेंटर बनने वाले विद्यालयों का किया निरीक्षण

बलिया । जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर के साथ जीआईसी, जीजीआईसी और संत यतीनाथ विद्यापीठ, सुखपुरा विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने होने वाली बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के संबंध में तकनीकी तैयारियों की जानकारी ली।उन्होंने विद्यालयों में लगे सीसीटीवी कैमरों, स्ट्रांग रूम और प्रश्न पत्र रखे जाने वाले कक्षों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने डीआईओएस को सख्त निर्देश दिया कि सभी तैयारियां पहले से ही पूरी कर ली जाए। किसी भी प्रकार की चूक होने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिला अधिकारी ने इन विद्यालयों में लगे हुए कैमरो और तकनीकी सुविधाओं के संबंध में प्रधानाचार्य और अध्यापकों से भी बातचीत की। पुलिस अधीक्षक राजकरण नैयर ने सभी विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने का वादा किया। उन्होंने कहा कि जिन भी विद्यालयों को सेंटर बनाया गया है उन सभी विद्यालयों पर परीक्षा के समय पुलिस बल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर डीआईओएस, ईडीएम अभिजात सिंह उपस्थित थे।

जिलाधिकारी की अपील... फाइलेरिया बीमारी को दूर भगाने के लिए जरूर खाएं दवा

केटी न्यूज/बलिया

- इस बीमारी के दुष्परिणाम कई वर्षों के बाद दिखाई देते हैं
- मच्छर के काटने से होती है फाइलेरिया बीमारी
- दवा का सेवन करने से ही हो सकता है इस रोग से बचाव

राष्ट्रीय फाइलेरिया कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने स्वयं दवा खाकर किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जयन्त कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० योगेंद्र दास, वेक्टर बॉर्न के नोडल अधिकारी डॉ० अभिषेक मिश्रा एवं जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने भी दवा खायी। जिलाधिकारी ने जिले की जनता से अपील की कि स्वास्थ्य विभाग की टीम जब दवा खिलाने जाए तो दवा अवश्य टीम के सामने खाएं और जिले से फाइलेरिया बीमारी को दूर भगाने में अपना योगदान दें।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ० जयन्त कुमार ने कहा कि इस बीमारी के दुष्परिणाम कई वर्षों के बाद देखने को मिलते हैं। शुरूआत में इसके कोई लक्षण नहीं दिखाई देते हैं और जब यह मच्छर किसी फाइलेरिया से ग्रस्त व्यक्ति को काटता है तो वह संक्रमित हो जाता है और जब यही मच्छर किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है तो फाइलेरिया के परिजीवी रक्त के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर उसे भी फाइलेरिया से ग्रसित कर देते हैं। इस बीमारी से हाथ, पैर, स्तन और अंडकोष में सूजन पैदा हो जाती है। सूजन के कारण फाइलेरिया प्रभावित अंग भारी हो जाता है और दिव्यांगता जैसी स्थिति बन जाती है । प्रभावित व्यक्ति का जीवन अत्यंत कष्टदायक हो जाता है। यह एक लाइलाज बीमारी है` इस बीमारी से बचाव के लिए वर्ष में एक बार पांच साल तक दवा खाना जरूरी है।

वेक्टर बॉर्न के नोडल अधिकारी डॉ० अभिषेक मिश्रा ने कहा कि जनपद में 27 फरवरी तक फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के अन्तर्गत घर-घर जाकर एक वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्तियों को छोड़कर सभी को फाइलेरिया से सुरक्षित रखने के लिए डी.ई.सी और एल्बेंडाजोल की निर्धारित खुराक घर-घर जाकर स्वास्थ्यकर्मी अपने सामने खिलाएंगे एवं किसी भी स्थिति में दवा का वितरण नहीं किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है जिसे सामान्यतः हाथी पांव के नाम से भी जाना जाता है। पेशाब में सफेद रंग के द्रव्य का जाना जिसे काईलूरिया भी कहते हैं जो फाइलेरिया का ही एक लक्षण है। इसके प्रभाव से पैरों व हाथों में सूजन, पुरुषों में हाइड्रोसील (अंडकोष में सूजन) और महिलाओं में ब्रेस्ट में सूजन की समस्या आती है। फाइलेरिया होने के बाद इसका कोई इलाज नहीं है।

जिला मलेरिया अधिकारी सुनील कुमार यादव ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के लिए जिले में 2772 टीमों का गठन किया गया है । पर्यवेक्षण के लिए 439 लोगों को लगाया गया है। उन्होंने कहा कि सामान्य लोगों को इन दवाओं के खाने से किसी भी प्रकार के दुष्प्रभाव नहीं होते हैं। अगर किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं तो यह इस बात का प्रतीक है कि उस व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के कीटाणु मौजूद हैं, जो की दवा खाने के बाद कीटाणुओं के मरने के कारण उत्पन्न होते हैं।

क्या कहा लाभार्थियों ने: अमृतपाली निवासी, 30 वर्षीय, बलदेव श्रीवास्तव ने बताया कि मैंने आशा दीदी से दवा खा लिया है, हमें कोई दिक्कत नहीं हुई। यह दवा खाना बहुत जरूरी है जिससे फाइलेरिया रोग से हमें मुक्ति मिल सके।

सोबईबान निवासी, 22 वर्षीय पीयूष खरवार ने बताया कि मैंने फाइलेरिया रोधी दवाएं टीम के सामने ही खा लिया, हमें कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं देखने को मिला ,हम अपने सभी भाइयों एवं बहनों से निवेदन करते हैं कि जब भी आपके सामने फाइलेरिया की दवा खिलाने के लिए स्वास्थ्य कार्यकताओं की टीम पहुंचे आप उनके सामने ही दवाए जरूर खाएं।

इस अवसर पर सहायक मलेरिया अधिकारी नीलोत्पल कुमार, सुजीत कुमार प्रभाकर वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक ताज मोहम्मद एवं कृष्ण कुमार पाण्डेय, डीवीबीडीसी कंसल्टेंट रागिनी तिवारी, मलेरिया निरीक्षक सुशील कुमार,राज कुमार, वरुण कुमार एस एल टी छोटे लाल,पाथ संस्था से डॉ०अबू कलीम, पी सी आई संस्था से संजय सिंह, साथ ही फाइलेरिया एवं मलेरिया विभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

लखनऊ में आयोजित उप्र ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 का लाइव प्रसारण गाजीपुर में किया गया

अब गाजीपुर की पहचान उपजाऊ भूमि, दक्ष कारिगर वाले जनपद के रूप में है: डीएम

केटी न्यूज/गाजीपुर

- बड़ी संख्या में जिले के अधिकारी के साथ ही उद्यमियों ने कार्यक्रम में लिया हिस्सा
- अब तक 3004.33 करोड़ रुपए का जनपद में निवेश का मिल चुका है प्रस्ताव

लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023 का लाइव प्रसारण गाजीपुर के होटल द ग्रैड पैलेस में किया गया। जिला प्रशासन की ओर से इसका आयोजन किया गया था। इसमें बड़ी संख्या में जिले के अधिकारी के साथ ही उद्यमियों ने हिस्सा लिया। सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम योगी आदित्यनाथ, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत अन्य विशिष्ठ जनों के विचार सुने। गाजीपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल उपस्थित थीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रकाश गुप्ता, उपजिलाधिकारी आकाश कुमार, जीएमडीआईसी सहित समस्त जनपदस्तरीय अधिकारियों ने समारोह का लाइव प्रसारण देंखा। जनपद स्तर पर इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि, जिलाधिकारी एंव उद्यमियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने इन्वेस्टर सम्मिट-2023 निवेश कुंभ में प्रतिभाग करने वाले जनपद के उद्यमियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब हम प्रथम बार 23 जनवरी-23 को यहां उपस्थित हुए थे। तब इस जनपद में 1753 करोड़ के निवेश प्राप्त हुए थे। परंतु 17 से 18 दिनों में यह निवेश बढ़कर 3004.33 करोड़ तक पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल हमारी नहीं, बल्कि इस जनपद के उद्यमियों की उपलब्धि है। इसके लिए सभी उद्यमी बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री की बातों को दोहराते हुए कहा कि जो सोच भारत में उत्तर प्रदेश के लिए है, वही सोच उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल के लिए भी है। जिसमें जनपद भी शामिल है। हमेशा से यह माना जाता रहा है कि इस जनपद में क्राइम, लॉ एंड आर्डर, भ्रष्टाचार , बैकवर्ड थिंकिग की समस्याएं रही है। जिससे इन जनपदों में कोई भी उद्यमी निवेश नहीं करना चाहता था। लेकिन जिस प्रकार से उत्तर प्रदेश भारत के ग्रोथ के इंजन के रूप में उभर रहा है तथा प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की सोच से वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी उत्तर प्रदेश बनने जा रहा है। उसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश का कितना महत्वपूर्ण योगदान है। आज जनपद गाजीपुर का प्रवेश पूरी तरह से बदल चुका है। गाजीपुर को वेल कनेक्टेड हाईलीफर्टाईल लैण्ड, स्किल्ड लेबर फोर्स वाले जनपद के रूप में जाना जा रहा है। जिसका परिणाम यह है कि आज हमने जनपद में 3004.33 करोड़ के निवेश को आकर्षित करने में सफल रहे हैं। आज इस निवेश को धरातल पर लाने के लिए जितने भी एमओयू साइन हुए हैं, वह ऑन द ग्राउंड आए जिनका हम लोग जमीनी स्तर पर स्वागत करें। इसके लिए हमें प्रयास करना है और आगे बढ़ना है । उन्होंने कहा कि आपके निवेश से संबंधित जितने भी प्रश्न है वह आपको दिए गए बुकलेट में मौजूद है। उसे पढ़ें ,समझे तथा अपने प्रश्नों का उत्तर स्वयं ढूंढ लें।

उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर सारी व्यवस्थाएं ऑनलाइन है। अब आपको प्रयास करना है कि सरकार की योजनाएं तो है, लेकिन उसका लाभ कैसे ले सके तथा अपने इंडस्ट्रीज को धरातल पर ला सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दिशा निदेर्शों में मुख्यमंत्री ने विगत 5 से 6 वर्षों में जो कार्य किए हैं उससे एक पॉजिटिव परिवेश बना है। जिससें कानून व्यवस्था की स्थिति बहुत बेहतर हुई है तथा इंफ्रास्ट्रक्चर अच्छा हुआ है। आज गाजीपुर से लखनऊ जाने में मात्र तीन से चार घंटे लगते हैं। आज इस जनपद में गंगा नदी मे वाटरवेज के माध्यम से अन्य राज्यों में आयात निर्यात का साधन बना है। इतनी बेहतरीन व्यवस्था होने से किसी भी उद्यमी को कोई भी ऐसी बाधा नहीं होगी जो निवेशकों को रोक सकती है । उन्होंने ने कहा कि आपको निवेश करना होगा , आपकी हैंडहोल्डिंग के लिए हम आपके साथ खड़े हैं ,क्योंकि हमारे भारत ,उत्तर प्रदेश एवं जनपद गाजीपुर का भविष्य इंडस्ट्रलाईजेशन ही है ।

गाजीपुर को बदलता हुआ गाजीपुर बनाएंगे

जिलाधिकारी ने कहा कि आज जो यहां निवेश हुए हैं वह एक सिग्नल है, कि लोग हमारी व्यवस्था, हमारी परिवेश में विश्वास कर रहे हैं। आगे भी इसको बढ़ाने के लिए आपका साथ अत्यंत जरूरी है । गाजीपुर को एक बदलता हुआ गाजीपुर बनाएंगे यह हम सब का संकल्प होना चाहिए। मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने इन्वेस्टर्स समिट-2023 मे निवेशकों की बढ़ चढ कर हिस्सा लेने पर बधाई देते हुए कहा कि इससे युवाओ को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा हमारा उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश के रूप मे उभरेगा।

मुकेश अंबानी की कंपनी यूपी में करेगी 75 हजार करोड़ का निवेश

केटी न्यूज/लखनऊ/गाजीपुर

देश की सबसे बड़ी कंपनी के मालिक मुकेश अंबानी ने अगले चाल वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में 75 हजार करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। इस निवेश से करीब एक लाख नए रोजगार पैदा होने का अनुमान है। लखनऊ में आयोजित ह्लयूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिटह्व में बोलते हुए मुकेश अंबानी ने दावा किया कि 5 वर्षों के भीतर ही उत्तर प्रदेश 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

रिलायंस उत्तर प्रदेश में 10 GW की रिन्यूबल एनर्जी क्षमता को स्थापित करेगा। यह उत्तर प्रदेश में अब तक की सबसे बड़ी अक्षय ऊर्जा परियोजना होगी। कंपनी ने यूपी में बायो-गैस एनर्जी बिजनेस में उतरने की घोषणा भी की। इस पर मुकेश अंबानी ने कहा कि बायो-गैस से पर्यावरण में सुधार तो होगा ही किसानों को भी बड़ा लाभ होगा। ह्लहमारे किसान अन्न दाता तो हैं ही, अब ऊर्जा दाता भी बनेंगेह्व

राज्य के गांवों और छोटे शहरों में किफायती शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के लिए रिलायंस ने जियो प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से दो पायलट प्रोजेक्ट्स जियो-स्कूल और जियो-एआई-डॉक्टर की भी घोषणा की। इसके साथ ही यूपी के कृषि और गैर-कृषि उत्पादों की सोर्सिंग को कई गुना बढ़ाने का इरादा भी मुकेश अंबानी ने जताया। इससे किसानों, स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और छोटे व मझौले उद्योगों को फायदा मिलेगा। मुकेश अंबानी ने 2023 के अंत तक यूपी के सभी शहरों में 5जी रोलआउट करने की बात भी कही।

मुकेश अंबानी ने कहा कि ह्लनए भारत के लिए उत्तर प्रदेश आशा का केंद्र बन गया है। नोएडा से गोरखपुर तक, लोगों में जोश और उत्साह दिख रहा है। हम सब साथ मिलकर भारत के सबसे अधिक आबादी वाले राज्य को भारत के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक में बदल देंगे।

कैबिनेट मंत्री ने पत्र लिखकर टेंडर प्रक्रिया की जांच की मांग की

गाजीपुर। जिला पंचायत परिषद ठेकों की टेंडर प्रक्रिया लेकर एक बार फिर सवालों के घेरे में है। जिला पंचायत में ठेकों और टेंडर प्रक्रिया को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे है। जिला पंचायत परिषद में कराये गए कार्यों की जांच को लेकर पूर्व में भी बलिया सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त पत्र लिख कर ब्यौरा मांग चुके हैं। जिला पंचायत परिषद में टेंडर प्रक्रिया को लेकर अब यूपी सरकार के कैबिनेत्र मंत्री अनिल राजभर ने जांच के लिए पत्र लिखा है।ताजा मामला जिला पंचायत परिषद में नियम विरुद्ध टेंडर प्रक्रिया अपनाने की शिकायतों से जुड़ा हुआ है।

यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने अपने लेटर हेड पर 6 फरवरी 2023 को पंचायती राज विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखा है।अपने पत्र में उन्होंने पंचायती राज विभाग गाजीपुर में नियमों के खिलाफ टेंडर प्रक्रिया अपनायी जा रही है।कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के पत्र में कहा गया है कि पहले से तय निर्धारित टेंडरों के अलावा सरकार की मंशा के अनुरूप कामों में कम्पटीशन करने वाले ठेकेदारो की फर्मों को अनुचित कारणों से अयोग्य किया जा रहा है,जो कि गलत है।

किसानों को कृषि संबंधित समस्त सुविधाएं वन स्टॉप शॉप से मिलेंगी

केटी न्यूज/गाजीपुर

- कृषि व्यवसाय गतिविधियों के लिए लाइसेंस प्राप्त करने में सहायता प्रदान की जाएगी
- एग्रीजंक्शन स्थापना के लिए बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायता दी जाएगी

उप कृषि निदेशक अतीन्द्र सिंह ने बताया कि किसानों के हित लाभ के लिए कृषि में प्रशिक्षित युवाओं की सेवाओं का उपयोग करने के उद्धेश्य से किसानों को कृषि सम्बन्धित समस्त सुविधाएं वन स्टाप शाप के माध्यम से उपलब्ध कराया जाना है। राज्य सरकार द्धारा कृषि प्रशिक्षित उद्यमियों को निम्न सुविधाएं प्रदान की जाएगी। कृषि व्यवसाय गतिविधियों के लिए लाइसेन्स प्राप्त करने में सहायता तथा लाइसेन्स फीस के व्यय की प्रतिपूर्ति। एग्रीजंक्शन स्थापना के लिए बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायता तथा 7.5 प्रतिशत की दर से ऋण पर ब्याज अनुदान की व्यवस्था मिलेगी।

यह अनुदान बैंक की बैंक इन्डेड सब्सिडी के रूप में रखा जाएगा तथा वर्ष की समाप्ति पर ऋणी के खाते में क्रेडिट कर दिया जाएगा। एक वर्ष तक के लिए परिसर के किराए का 50 प्रतिशत की धनराशि जो रुपया 1000 प्रति माह से अधिक न हो। स्वतंत्र कृषि व्यवसाय की स्थापना के लिए कृषि व्यवसायियों को प्रशिक्षण प्रदान करना। योजना का कुल लक्ष्यः-12, जनपद के प्रत्येक तहसील स्तर पर लक्ष्य आवंटित है। चयन के लिए पात्रता-कृषि स्नातक/कृषि व्यवसाय प्रबन्धन स्नातक जो कृषि एवं संबंधित विषयों यथा-उद्यान, पशुपालन, वानिकी, दुग्ध, पशुचिकित्सा, मुर्गी पालन एवं इस तरह की गतिविधियाँ जो किसी राज्य/केंद्रीय विश्वविद्यालय या किसी अन्य कृषि विश्वविद्यालयों से डिग्रीधारी हैं, जो आईसीए आर०/यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त हों, पात्र होंगे। आयु-40 वर्ष से अधिक/अनु० /अनु० जनजाति/ महिला को 05 वर्ष की छूट अधिकतम। पात्र अभ्यर्थियों में जिनकी जन्मतिथि पहले हो, उन्हें वरीयता दी जाएगी। प्रति एग्रीजंक्शन कुल न्यूनतम योजना की प्रोजेक्ट लागतः- रुपया 6.00 लाख। ऋण सीमा- रुपया 5.00 लाख। योजना से सम्बन्धित अधिक जानकारी के लिए कार्यालय उप कृषि निदेशक या जिला कृषि अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

एक नजर

यूनियन बैंक की ओर से छात्राओं को पेयजल की सुविधा के लिए दिया गया वाटर प्यूरीफायर

गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एम्पावर हर प्रोग्राम के तहत यूनियन बैंक क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से छात्राओं को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वाटर प्यूरीफायर प्रदान किया। एम्पावर हर योजना यूनियन बैंक के एमडी और सीईओ ए. मणिमेखलाई के द्वारा महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक योगदान का समर्थन करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उद्घाटन के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सविता भारद्वाज ने योजना की रिप्रेजेंटेटिव नाजनीन बेगम, क्षेत्रीय प्रमुख धर्मेंद्र राजौरिया,राजभाषा अधिकारी अनुराग को हार्दिक आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डा अनिता कुमारी, डा. शशि कला जायसवाल, मीडिया प्रभारी डा.शिवकुमार डा.विकास सिंह, डा. निरंजन, डा संतन कुमार, डा मनीष सोनकर, डा पीयूष सिंह लोग उपस्थित रहे।

जी-20 के प्रचार-प्रसार के लिए जेएनसीयू में प्रशिक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बलिया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो.कल्पलता पाण्डेय के संरक्षण में जी-20 विषयक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री एस एल पाल (नोडल अधिकारी) ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जी- 20 के प्रशिक्षित अम्बेसडर डॉ दिलशाद अन्सारी भारत को जी 20 मिली अध्यक्षता एवं युवाओ के लिए विभिन्न अवसरों के विषय मे विस्तार से बताया। उन्होंने भागीदारी समूह पर चर्चा करते हुए वीमेन 20 और उद्यमिता 20 युवा 20 आदि विषयों के बारे में बताया साथ ही डिजिटल इंडिया,जनधन योजना उज्जवला योजना, हर घर नल से जल जैसी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को समावेशित विकास के स्तम्भ के रूप में बताया । कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित अम्बेसडर डॉ रूबी द्वारा जी 20 में समाहित 19 देशों एवं यूरोपीय संघ की विशेषता बताते हुए यह कहा कि यह संघ विश्व का 85प्रतिशत जी डी पी एवम 75 प्रतिशत से अधिक व्यापार और 60 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या वाला संघ है जो कि स्वयं मे यूनाइटेड नेशन्स की प्रतिछाया है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के समस्त सहायक आचार्य, शैक्षणिक निदेशक डॉ पुष्पा मिश्रा , डॉ अजय चौबे, डॉ प्रियंका सिंह एवं डॉ विनीत सिंह, प्रशिक्षित अम्बेसडर डॉ विजय शंकर पांडे एवं अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ स्मिता त्रिपाठी, सहायक आचार्य समाजशास्त्र विभाग ने किया।

पत्रकार आलोक कुमार पाण्डेय के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

रसड़ा (बलिया)। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के रसड़ा तहसील इकाई के महामंत्री आलोक कुमार पाण्डेय के निधन पर शुक्रवार को स्थानीय नगर पालिका सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।इस दौरान उपस्थित ग्रापए समेत अन्य पत्रकार संगठनों के साथ ही राजनीतिक दलों के लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि वे मृदुभाषी, व्यवहार कुशल तथा कलम के बल पर दबे कुचले लोगों की आवाज उठाने वाले व्यक्ति रहे हैं।हम लोगों के बीच से हमेशा के लिए साथ छोड़ दिए जाने से पत्रकार समाज काफी दुख हुआ है। वक्ताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए परिवार को सहन शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। श्रद्धांजलि सभा में ग्रापए के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार, जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्रा, प्रदेश कोषाध्यक्ष छोटेलाल चौधरी, राष्ट्रीय सहारा के ब्यूरो चीफ रणजीत मिश्रा, तहसील अध्यक्ष अरविन्द तिवारी, दिग्विजय सिंह, बसंत पांडेय, संतोष सिंह, शकील अहमद अंसारी, शिवानंद जायसवाल वागले, रमाकांत सिंह, कृष्ण मुरारी पांडेय, कृष्णा शर्मा, सुनील सरदासपुरी, नित्यानंद सिंह, अरूण गुप्ता आदि रहे। संचालन दयाशंकर विद्यार्थी ने किया।

पीजी कॉलेज में चल रही विश्वविद्यालय की परीक्षा में कुल 57 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

गाजीपुर। पीजी कॉलेज में चल रही पूर्वांचल विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के क्रम में शुक्रवार को स्नातक समाजशास्त्र, वाणिज्य एवं स्नातकोत्तर गृहविज्ञान, भूगोल, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, राजनीति शास्त्र, इतिहास की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें सुबह की पाली में स्नातक समाजशास्त्र में पंजीकृत 1130 में 1100, स्नातकोत्तर गृहविज्ञान में सभी 39, भूगोल में 48 में 47, अर्थशास्त्र में 49 में 48, मनोविज्ञान में 41में 40 एवं समाजशास्त्र में 79 में 75 परीक्षार्थी उपस्थित एवं कुल 37 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह सांय की पाली में कुल 617 पंजीकृत, 597 उपस्थित एवं 20 अनुपस्थित रहे परीक्षार्थियों में स्नातक वाणिज्य में 554 में 449 स्नातकोत्तर राजनीतिशास्त्र में 58 में 55 एवं इतिहास 105 में 93 परीक्षार्थी उपस्थित रहे।